कार्यालय, प्राचार्य, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय किशनगढ़

---

दिनांक :– 09.04.2022

# एन. सी. सी. विभाग

## वार्षिक प्रतिवेदन - 2021-2022

**मंगल राम मीना ,**
**सहायक आचार्य एवं,**
**एनसीसी प्रभारी**

श्री रतनलाल कँवरलाल पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशनगढ़ में एन.सी.सी गतिविधियाँ 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के निर्देशानुसार करवाई जाती है। महाविधालय में कुल 160 एन सी सी कैडेट्स की संख्या अधिकृत है, जिसमे 33% छात्रा कैडेट्स के लिए आरक्षित है। सत्र 2021 - 22 में प्रथम वर्ष हेतु एन.सी.सी भर्ती दिनांक 03/03/2022 को आरपीटीसी, किशनगढ़ के मैदान पर 11 राज बटालियन एनसीसी, अजमेर के कमान अधिकारी कर्नल बी.पी. फर्नांडिस के नेतृत्व में आयोजित की गई । भर्ती के दौरान कोविड-19 के सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया एवं सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करवाई गई । भर्ती हेतु छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर एवं छात्राओं के लिए बारह सौ मीटर की दौड़ आयोजित की गई । दौड़ में 79 छात्र तथा 28 छात्राओं का चयन किया गया, दौड़ में सफल हुए विद्यार्थियों का साक्षात्कार तथा लिखित परीक्षा ली गई । अंतिम रूप से 10 छात्रा कैडेट्स व 42 छात्र कैडेट्स का चयन किया गया।

# एनसीसी भर्ती में दिखाया दमखम



किशनगढ़ के सिलोरा स्थित आरपीटीसी सेंटर के ग्राउंड पर एनसीसी भर्ती में शामिल विद्यार्थी एवं प्रक्रिया पूरी करते अधिकारी।

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों की प्रथम वर्ष के लिए एनसीसी भर्ती की गई। सिलोरा स्थित आरपीटीसी सेंटर के मैदान पर 11 वीं राज बटालियन एनसीसी अजमेर के कमान अधिकारी बी.पी. फर्नांडिस के नेतृत्व में हुई एनसीसी भर्ती के लिए महाविद्यालय के 378 छात्रों एवं 153 छात्राओं छात्राओं ने आवेदन किया। भर्ती में छात्रों के लिए सोलह सौ मीटर एवं छात्राओं के लिए बारह सौ मीटर की दौड़ की गई। दौड़ में 79 छात्र एवं 28 छात्राओं का चयन किया गया। दौड़ में सफल हुए छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा भी ली गई। अंतिम चयन सूची महाविद्यालय में चस्पा की जाएगी। भर्ती में 11 वीं राज बटालियन के सूबेदार अजीत सिंह, सूबेदार प्रताप सिंह, सूबेदार देवकरण सिंह एवं पी.आई. स्टाफ एवं कॉलेज प्राचार्य गीता शर्मा, एनसीसी अधिकारी मंगल मीणा, सह आचार्य सत्यदेव सिंह, लोकबन्दु सिंह, पी.एस. बुनकर, सहायक आचार्य मधु कुमावत, भजनलाल, अब्दुल रशीद, ए. क्यू. चिश्ती आदि मौजूद रहे।

सत्र- 2020-21 की संपन्न परीक्षा में महाविधालय के 56 एन सी सी कैडेट्स ने 'बी ' व 40 एन सी सी कैडेट्स ने 'सी ' प्रमाण पत्र की परीक्षा पास कर प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

महाविधालय परिसर में एन सी सी कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर दिनांक 06.09.2021 से 10.09.2021 तक आयोजित किया गया ।

दिनांक 28.09.2021 को 11 राज बटालियन एनसीसी अजमेर परिसर में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग प्रक्षिक्षण दिया गया ।

महाविधालय के एन सी सी कैडेट्स द्वारा दिनांक 07.12.2021 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य गीता शर्मा ने की ।राजनीतिक विज्ञान के वरिष्ट संकाय सदस्य लोकबंदु सिंह ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी । महाविद्यालय के संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों से सहयोग राशी एकत्र की गई और यह राशी सैनिक कल्याण कोष में जमा करवाई गई ।

गया। उसकी 12 वर्षीय पुत्री की

स्टैंड के पीछे एक निजी स्कूल में पढ़ती है।

है। वारदात के समय फैक्ट्री परिसर में मजदूर भी सो रहे थे।

**सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया**

# 'भारतीय सेना युद्ध के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं में भी बनी है मददगार'

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी एवं रोवर रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य गीता शर्मा ने की। राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ संकाय सदस्य लोकबन्धुसिंह ने विद्यार्थियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की विस्तार से जानकारी दी। भारतीय सेना के विशेष योगदान व उनकी देश के प्रति सेवा भाव के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ना केवल युद्ध के समय, बल्कि देश पर आई विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं में भी अपना सर्वोच्च योगदान देती है।



किशनगढ़ के आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए कैडेट्स एवं स्टाफ के सदस्य।

कार्यवाहक प्राचार्य गीता शर्मा ने संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों से पूर्व सैनिकों, शहीद वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ चलाई जाने वाली योजनाओं के लिए धन राशि एकत्र करने अपील की। इसके बाद एनएसएस, एनसीसी व रोवर के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों से सहयोग राशि एकत्र की और यह एकत्र राशि सैनिक कल्याण विभाग को भेजी जाएगी। संचालन एनएसएस अधिकारी महेंद्र कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अब्दुल रशीद, एनसीसी अधिकारी मंगलराम मीणा एवं रोवर अधिकारी पवन कुमार जांगिड़ भी मौजूद रहे।




घोष

## डनूं के लिए प्रवास

कार्यालय परिसर में मंगल प्रवेश किया और यहां पर संघ की अगवानी की गई। तेरापंथ के श्रद्धालुओं ने जयघोष लगा कर माहौल को

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महाविद्यालय में यूथ फेस्टिवल मनाया गया। मतदाता जागरूकता पर व्याख्यान हुआ । सह आचार्य लोकबंदु सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान से संबदित जानकारिया दी और एनसीसी प्रभारी मंगल राम मीना के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## मीडिया कवरेज



# ऑनलाइन भी जुड़वा सकते हैं मतदाता सूची में नाम

## यूथ फेस्टिवल सम्पन्न

**मदनगंज-किशनगढ़ @ पत्रिका.** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब, एनएसएस, एनसीसी एवं रोवर रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को यूथ फेस्टिवल मनाया गया।

एनएसएस के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, रोवर रेंजर एवं अन्य विद्यार्थी यूथ फेस्टिवल में शामिल हुए। मतदाता जागरुकता पर व्याख्यान हुआ। सह आचार्य लोकबंधुसिंह ने विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित जानकारियां दी। सिंह ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से पुर्नरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूचियों में जुड़वाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसे लेकर विद्यार्थियों को भी जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन एप और निर्वाचन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से भी विद्यार्थी किस प्रकार अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं एवं अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज में ऑनलाइन प्रपत्र 6 मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से भरवाए जा रहे हैं और पात्र विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेज लेकर कॉलेज के नए भवन के कमरा नंबर 106 में संपर्क कर सकेंगे। मतदाता जागरुकता व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली और शपथ भी ली कि वह स्वयं तो जागरूक होंगे ही एवं अपने आस-पास रहने वाले लोगों को भी जागरूक करेंगे। इस मौके पर मतदाता जागरुकता के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई। इसमें छात्रा मौसम चौधरी प्रथम और छात्रा भानुप्रिया द्वितीय रही। अंत में विद्यार्थियों ने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शिवरतन डागा ने की। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी महेंद्र कुमार वर्मा, जितेंद्रसिंह बीका, अब्दुल रशीद, एनसीसी अधिकारी मंगलराम मीणा एवं रोवर अधिकारी पवन कुमार जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

किशनगढ़ में निकाली गई जागरुकता रैली में शामिल एनएसएस के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, रोवर रेंजर एवं विद्यार्थी।

# अब 300 बेड का हुआ ...

दिनांक 23.02.2022 को महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने किशनगढ़ के परासिया गाँव में स्वच्छता व कोरोना जागरूकता रैली निकाली गई ।

मीडिया कवरेज



विशेष शिविर में दी जानकारियां

## 'तत्काल बनवाएं अपना वोटर आईडी कार्ड'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मदनगंज-किशनगढ़. आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन बुधवार को योगाभ्यास किया गया। साथ ही जागरुकता रैली निकाली गई। शिविर का शुभारंभ योगाभ्यास से किया गया।

एनएसएस अधिकारी अब्दुल राशिद ने शिविर में सभी स्वयंसेवकों को वोटर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से सीधे अपना वोटर आई कार्ड किस तरह बना सकते हैं उसका डेमो देकर समझाया। एनएसएस अधिकारी महेंद्र कुमार वर्मा ने सामान्य जीवन में काम आने वाले दस्तावेजों की जानकारी दी। शिविर के तीसरे दिन के अगले चरण में एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने गांव परासिया में स्वच्छता एवं कोरोना जागरूकता रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य लोकबंधुसिंह ने रवाना किया। एनएसएस अधिकारी जितेंद्रसिंह बिका ने स्वयंसेवकों को सामान्य संसदीय प्रणाली के बारे मे जानकारी दी और लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया। संचालन एनएसएस अधिकारी महेंद्र कुमार वर्मा ने किया। शिविर में सहायक आचार्य मंगलराम मीणा आदि मौजूद रहे।



किशनगढ़ के गांव परासिया में स्वच्छता एवं कोरोना जागरुकता रैली में शामिल स्वयं सेवक एवं कॉलेज स्टाफ के सदस्य। पत्रिका

महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने पुनीत सागर अभियान के तहत किशनगढ़ की गुन्दोलाव झील में सफाई की व शहरवासियो से झील को स्वच्छ रखने की अपील की ।

मीडिया कवरेज

## एनसीसी कैडेट्स ने की गुंदोलाव झील की सफाई

**मदनगंज किशनगढ़।** राजकीय कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने पुनीत सागर अभियान के तहत एनसीसी अधिकारी मंगल मीणा के दिशा निर्देशन में गुंदोलाव झील की सफाई की व शहरवासियों से झील को स्वच्छ रखने की अपील की। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह बीका, भरतलाल मीणा आदि उपस्थित थे।

दिनांक 19.02.2021 व 20.02.2021 को प्रमाण पत्र 'बी ' व दिनांक 26.03. 2022 से 27.03.2022 तक प्रमाण पत्र 'सी ' की परीक्षा संपन्न हुई ।

एनसीसी अधिकारी

प्राचार्य
श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,किशनगढ़